बी.एस. एन. वी. पी. जी. कालेज

चारबाग, लखनऊ

<u>प्रेस नोट</u>

बी.एस.एन.वी पी.जी. कॉलेज लखनऊ में आज वार्षिक उत्सव **"नवोन्मेष-2021"** का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हुए उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य को प्राप्त करना था। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य प्रो० राकेश चंद्र जी के द्वारा दीप प्रज्वलन के माध्यम से हुआ। दीप प्रज्वलन के पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में काजल तिवारी ने गणेश वंदना के द्वारा अपने गीत एवं नृत्य से सभी को सम्मोहित किया प्रियांशु जो कि बीए प्रथम वर्ष के छात्र हैं के द्वारा मधुर गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान देवी के नौ रूपों की मनमोहक प्रस्तुति की गई जिससे छात्रा इति राठौर ने प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुति ने सभी को विशेष प्रभावित किया। छात्रों ने देशभक्ति गीत देश रंगीला के माध्यम से दर्शकों में उत्साह का संचार किया। निक्की ने कत्थक के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं विविध प्रांतों के लोकनृत्य के द्वारा भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन कार्यक्रम कोआर्डिनेटर एवं अंग्रेजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. ज्योति काला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न महाविद्यालयों के आगंतुकों समेत महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ
समारोह
30 नवम्बर, 2021

सांस्कृतिक

महाविद्यालय, लखनऊ
समारोह
2021